पाठ १०

झूलम-झूली

कविता का सारांश

बच्चे एक दूसरे को खेल के लिए बुलाते हुए कह रहे हैं कि आओं हम माटी-माटी का खेल खेलते हैं अर्थात वह मिट्टी के साथ खेलना चाहते हैं। वह पानी-पानी वाला खेल भी खेलने को उत्सुक हैं। बच्चे किसान बनकर किसान की तरह ही खेती करना चाहते हैं। कहने का भाव यह हैं कि वे खेती वाला खेल खेलना चाहते हैं। किसान की तरह ही मिट्टी को खोदकर साफ करके उसमें बीज बोना चाहते हैं। बीज बोकर उसमें पानी देना चाहते हैं। छुप्पम-छुप्पी, झुलम-झूली, पकड़म-पकड़ी और कूदम-कूदी जैसे खेल खेलना चाहते हैं।

शब्दार्थ:

- माटी- मिट्टी, रेत
- धरती- पृथ्वी, धरा
- खेल - क्रीडा
- छुप्पम-छुप्पी - छुपम-छुपाई
- झुलम-झूली - झुला झुलना
- कूदम-कूदी - कूदना

egyanarchive

प्रश्न-अभ्यास

बातचीत के लिए

1. बच्चे क्या-क्या कर रहे हैं?

उत्तर:- बच्चे नीचे दिए गए काम कर रहे हैं:

- बच्चे मिट्टी से रहे हैं।
- बच्चे पानी से खेल रहे हैं।
- बच्चे मिट्टी में बीज बोकर किसानी वाला खेल खेल रहे हैं।
- बच्चे छिपने-छिपाने का खेल खेल रहे हैं।
- बच्चे झूले पर झूल रहे हैं।
- बच्चे एक-दूसरे को पकड़ने का खेल खेल रहे हैं।
- बच्चे कूद-फाँद कर खेल रहे हैं।

2. आपको कौन-कौन से खेल पसंद हैं?

उत्तर:- मुझे खो-खो, छिपम-छुपाई, गिल्ली-डंडा, और केरम खेलना पसंद है।

3. माटी-माटी खेल कैसे खेला जाता होगा?

उत्तर:- माटी-माटी खेलने के लिए बच्चे मिट्टी इकट्ठा करेंगे। फिर, वे मिट्टी से घर, गाड़ी, जानवर, आदि बनाएंगे। वे अपनी कल्पना का उपयोग करके खूबसूरत और अनोखे मिट्टी के खिलौने बनाएंगे। बच्चे मिट्टी के खिलौनों से खेलेंगे, उन्हें एक-दूसरे को देंगे, और उन्हें अपने घरों में रखेंगे।

शब्दों का खेल

1. शब्दों का दूसरा साथी खोजकर बताइए , लिखिए और पढ़कर सुनाइए

छुप्पम – _____ **झूलम – _____**

पकड़म – _____ **कूदम – _____**

उत्तर:- छुप्पम-छुप्पी झुलम-झूली

पकड़म-पकड़ी कूदम-कूदी

2. नीचे दिए गए शब्दों के नाम सुनिए –

झूला छुप्पम खेल झंडा खेत छतरी

बताइए, इन नामों की पहली ध्वनि में क्या अंतर है?

उत्तर:- झुला – इसमें 'ऊ' की मात्रा लगी हैं। छुप्पम – इसमें 'उ' की मात्रा लगी हैं।

खेल – इसमें 'ऐ' की मात्रा लगी हैं। झंडा – इसमें 'अं' की मात्रा लगी हैं।

खेत – इसमें 'ऐ' की मात्रा लगी हैं। छतरी – इसमें कोई मात्रा नहीं लगी हैं।

egyanarchive

3. नीचे दिए गए शब्दों को पढ़िए। अब इनमें 'उ' या 'ऊ' की मात्रा लगाकर नए शब्द बनाइए और लिखिए –

फल – _____ **पल – _____** **परी – _____** **सराही – _____**

उत्तर:- फूल पुल पूरी सुराही

पढ़िए और मिलाइए

- चढ़ें पेड़ पर पकड़म-पकड़ी
- आओ झूलम-झूली खेलें
- छुपन-छुपाई खेलें
- धरती में बीजों को बोएँ

egyanarchive